केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 60 रविवार 22 सितम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### जूनियर हाईस्कूल को पी. एम. श्री योजना में चयनित करने की मांग



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती,। नगर पंचायत नगर स्थित जूनियर हाईस्कूल को पी० एम० श्री योजना में चयन हेतु यूपी के महानिदेशक शिक्षा को भारत सरकार के सचिव ने पत्र लिखा है। नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस विद्यालय को योजना में चयनित कराने के लिए अनुरोध किया था। उक्त जानकारी देते हुएं नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बताया है कि क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल नगर और प्राथमिक विद्यालय खुटहन को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। नगर पंचायत द्वारा अनेक योजनाओं से इस विद्यालयों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी को 09 सितंबर को पत्र लिख कर नगर के जूनियर हाईस्कूल को पीएम श्री योजना में चयन कराने का अनुरोध किया था। भारत सरकार के अनु सचिव विपेंद्र चंद्र चमोली ने महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेज कर विद्यालय को चयनित कराने की कार्यवाही का आग्रह किया है। श्रीमती राना ने कहा है कि नगर पंचायत नगर को देश के नक्शे पर अग्रणी स्थान दिलाने के लिए प्रयास जारी रहेगा। स्वस्थ नागर, शिक्षित नगर, स्वच्छ नगर और समृद्ध नगर की कल्पना साकार करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### ओलम्पियाड में जोनल लेवल के मेधावी पुरस्कृत



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एंव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित संस्था सी एस सी ई – गवर्नेंस सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड द्वारा आयोजित सीएससी ओलम्पियाड 4.0 में उत्तीर्ण डान वास्को , प्रताप एजुकेशनल एकेडमी व ग्रीन वैली सहित विभिन्न विद्यालयों के 34 मेधावियों को सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राहुल सिंह द्वारा मिश्रौलिया स्टेट स्थित ग्रीन वैली एकेडमी में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सभी उत्तीर्ण मेधावियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित संस्था सीएससी एकेडमी प्रतिवर्ष छात्र छात्राओं के अभिरुचि के विषय अनुसार जिला, प्रदेश व नेशनल लेवल पर प्रतियोगिता का आयोजन कराती है सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को प्रमाण पत्र, मेडल के अतिरिक्त नकद पुरस्कार की व्यवस्था है। आवेदन से लेकर परीक्षा, परीक्षा परिणाम तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया आनलाइन मोड की है जिससे परीक्षा की शुचिता और पवित्रता बनी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राहुल सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संचालन शिव कुमार ने किया तथा सभी आगन्तुकों के प्रति आभार डा अजीत प्रताप सिंह ने किया। सम्मानित होने वालो में मुख्य रूप से सिद्धार्थ सिंह, आभास चौधरी, आभास चौधरी, दीप नारायण सिंह, अभ्युदय सिंह, अधीरा, आयुष पाल, रेयांश सिंह अराध्या गौतम, अर्पित पाण्डेय, जयश कुमार आदि शामिल रहे।

## आतिशी ने लिया दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली (आभा)। आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। एलजी वीके सक्सेना ने आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। आतिशी कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। उनकी कैबिनेट में सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। अब इन मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।

गौर करने वाली बात यह कि वित्त, सर्तकता और जल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदार आतिशी ने खुद अपने पास रखी है। आतिशी के पास 1. लोक निर्माण विभाग, 2. बिजली, 3. शिक्षा, 4. उच्च शिक्षा, 5. प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा, 6.



जनसंपर्क विभाग, 7. राजस्व, 8. वित्त, 9. योजना, 10. सेवाएं, 11. सतर्कता, 12. जल, 13. कानून, न्याय और विधायी मामलों की जिम्मेदारी होगी। यही नहीं अन्य तमाम विभाग भी उनके पास होंगे जिसे किसी दूसरे मंत्री को आवंटित नहीं किया गया है।

सौरभ भारद्वाज को 1. शहरी विकास, 2. सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, 3. स्वास्थ्य, 4. उद्योग, 5. कला, संस्कृति और भाषा, 6. पर्यटन विभाग, 7. समाज कल्याण और 8. सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। गोपाल राय पर्यावरण अपने पास बरकरार रखने में सफल रहे हैं। गोपाल राय को 1. विकास, 2. सामान्य प्रशासन विभाग, 3. पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## अमिताभ ठाकुर ने पुलिस मुठभेड़, विभागीय भ्रष्टाचार पर उठाये सवाल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। शनिवार को आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स सरकार के गुलाम के रूप में काम कर रही है. उन्होंने कहा कि एसटीएफ राजनीतिक और अन्य कारणों से लोगों के एनकाउंटर कर रही है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की ठोक डालो नीति के कारण यूपी में लगातार फर्जी हाफ और फुल एनकाउंटर हो रहे हैं. पुलिस द्वारा फर्जी एनकाउंटर के नाम पर वसूली किए जाने की भी आम शिकायतें हैं।

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मंगेश यादव एनकाउंटर पूरी तरह संदिग्ध है, जिसकी जांच के लिए उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है।

उन्होंने बस्ती के रुधौली में 1 साल पहले एक बलात्कार पीड़िता महिला के मामले में एक दंपति द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने पर तत्कालीन डीएम बस्ती द्वारा दंपति के तीन नाबालिक बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा गोद लेकर उनका लालन पालन किए जाने का आश्वासन पूरा किए जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि वे रुदौली जाकर पीड़ित परिवार से मिले थे जिन्होने स्पष्ट कहा कि डीएम के वादे में कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

उन्होंने दो दिन पहले एक युवती आराधना द्वारा बस्ती के जिला अस्पताल में आत्महत्या किए जाने के मामले में एफआईआर और मुआवजे की मांग की है. उन्होंने युवती के भाई रामविलास से बात की, जिनके अनुसार अब तक जिला प्रशासन में कोई कार्रवाई नहीं की है।

साथ ही उन्होंने बस्ती के मेडिकल कॉलेज में सामानों के खरीद फरोख्त और मैनपावर में भारी भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग की।

प्रेस वार्ता के दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष रजनीश त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष नितेश राय, मिट्ठू लाल यादव, राजकुमार यादव, रामसागर उपाध्याय, महेंद्र तिवारी, रामकिशन विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## कला क्राफ्ट के माध्यम से पढ़ाएं शिक्षक –डॉ.गोविन्द



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में पंचम जनपद स्तरीय कला, क्राफ्ट तथा पेपेट्री के माध्यम से शिक्षण संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी प्रवक्ता डॉ गोविन्द ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षण में कला, क्राफ्ट एवं पेपेट्री के महत्व एवं उपयोगिता से जागरूक होना है। इससे शिक्षकों के सृजनात्मक क्षमताओं में विकास एवं उन्नयन होगा जो बच्चो के लिए लाभकारी होगा। बताया कि डायट में टीएलएम बैंक की स्थापना की गई है जहां जनपद के नवाचारी शिक्षक शिक्षण अधिगम सामग्री अपने सिद्धांत के साथ जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के उपरांत परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्राथमिक स्तर में भाषा में रुधौली ब्लॉक की शांति जायसवाल, गणित में रुधौली ब्लाक की शिप्रा चौधरी, उच्च प्राथमिक स्तर सामाजिक विज्ञान में साऊंघाट ब्लॉक की अनामिका सिंह, गणित में रामनगर ब्लॉक के बालमुकुंद, विज्ञान में बहादुरपुर ब्लॉक की कल्पना सिंह प्रथम स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिले से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक मिलाकर कुल 75 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मो. इमरान खान, वन्दना चौधरी, वर्षा पटेल, अलीउद्दीन खान, कुलदीप चौधरी, कल्याण पाण्डेय, सरिता चौधरी, ऋचा शुक्ला, डॉ रविनाथ, एसआरजी आशीष श्रीवास्तव, अंगद पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, कुलदीप त्रिपाठी, अमरजीत एवं प्रशिक्षुओं में हर्षित सिंह, विवेक विश्वकर्मा, नागेश शाह, सुखबीर सिंह सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कुपोषण से बचाव की दिया जानकारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता

बस्ती। यूपी फोर्सेस के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास सेवा समिति द्वारा बस्ती जनपद के विकास खण्ड बहादुरपुर, परशुरामपुर, रामनगर, रूधौली एवं बस्ती सदर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'पोषण वही जो हो सही' गर्भवती महिलाओं किशोरियां एवं बच्चों को जागरूक किया जा रहा है । संस्था की कार्यकर्ता सानू गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और किशोरियों में बौनेपन, कुपोषण और एनीमिया को कम करना है।

ग्रामीण विकास सेवा समिति के सचिव अम्बुज कुमार यादव ने बताया कि यूपी फोर्सेस उत्तर प्रदेश में बाल विकास एवं पोषाहार के मुद्दों पर विशेष रूप से कार्य कर रही है। उन्होने बताया कि कुपोषण देश में एक बड़ी समस्या है इस दिशा में भारत सरकार एवं राज्य सरकारे कार्य कर रही है । लोगों में कुपोषण के प्रति जानकारी के अभाव में बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास नही हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में गैर सरकारी संस्थाओं को भी एक जुट होकर सरकार के साथ मिलकर कुपोषण पर वार करने की आवश्यकता है जिससे कुपोषण को जड़ से समाप्त किया जा सके ।

संस्था की ट्रेनिंग ऑफिसर प्रिया पाण्डेय ने बताया कि पौष्टिक खानपान, पारंपरिक भोजन और मोटा अनाज जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होते हैं, इन्हे दैनिक भोजन में सम्मिलित करना चाहिए। इस दौरान लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन मोहम्मद अशरफ, कलेक्टर लिंक वर्कर खुशबू, कंचन, सुनीता देवी, रीता भारती सहित अन्य लोगों ने जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई ।

## दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स के छात्र आन्जनेय सिंह का एन.डी.ए. में चयन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स के छात्र आन्जनेय सिंह का पहले प्रयास में एन.डी.ए. में चयन हुआ है। आन्जनेय सिंह ने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, परिजनों और गुरूजनों को दिया है।

दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स के प्रबंध निदेशक जे.पी सिंह, प्रधानाचार्य गोपाल त्रिपाठी ने आन्जनेय सिंह की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बताया कि वह शुरू से ही अच्छा छात्र रहा। वह इस वर्ष इण्टर मीडिएट की परीक्षा देगी। उसकी सफलता डेलही स्कूल के लिये बड़ी उपलब्धि होगी। प्रयास होगा कि इसी सत्र से एन.डी.ए. की तैयारी के इच्छुक छात्रों को अलग से शिक्षित, प्रशिक्षित किया जाय।

आन्जनेय सिंह की सफलता पर माता रूबी सिंह, पिता बिभव प्रताप सिंह बहन अवनी सिंह के साथ ही शिक्षक गणेश राम, भूपेन्द्र त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, वेद सिंह, आशुतोष पाल, प्रमोद गुप्ता, राजेश टांडी, पंकज गुप्ता, अजय शर्मा, लकी शुक्ला, शालिनी तिवारी, वंदना पाण्डेय, रेनू, दिव्या त्रिपाठी, सीमा सिंह, शिवेन्द्र त्रिपाठी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मिठाई खिलाकर खुशियों को साझा किया।

## विधायक अजय सिंह ने गांवों में लगाई चौपालः कहा बिना भेदभाव सर्वसमाज का विकास कर रही सरकार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भाजपा सरकार में बिना भेदभाव सर्वसमाज का विकास हो रहा है। हम गाँव गाँव जाकर जनता की जरूरतों को देख समझ रहे हैं और उसके अनुसार सभी को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। जनता से मिलकर सुझाव भी ले रहे हैं। उक्त बातें हरैया विधायक अजय सिंह ने आपका सेवक आपके द्वार अभियान के तहत शनिवार को हरिगांव, धर्मनगर, बेलभरिया, किशुनपुर, धुरधा, सलेमपुर कुंवर, लक्ष्मणपुर में चौपाल के दौरान कही। कहा कि आपकी सेवा और क्षेत्र के



विकास के लिए हम और हमारी डबल इंजन की सरकार सदैव तत्पर है। देश की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार जन–जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। चौपाल के माध्यम से विधायक ने अलग–अलग मुद्दों पर ग्रामीणों से बात किया। ग्रामीणों ने अपनी बात खुलकर विधायक के सामने रखी। कई समस्याओं का निराकरण किया तथा कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर आशुतोष सिंह छोटे, प्रवीण चौधरी, राम प्रकाश, शोभाराम, केशवराम राजभर, रवींद्र सिंह, पटेश्वरी कन्नौजिया, राजबहादुर पाण्डेय, नायब पाण्डेय, नन्हे तिवारी, राकेश तिवारी, दिनेश यादव, विपुल सिंह, सरजू प्रसाद सिंह, मनोज सिंह, दिलावर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मोबाइल निर्माण में यूपी सबसे आगे–योगी

संवाददाता– गोरखपुर ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन के बल पर निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य बना उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्टेट है। भारत में बनने वाले मोबाइल फोन में 55 फीसद की हिस्सेदारी अकेले यूपी की है। देश में बनने वाला 60 प्रतिशत मोबाइल कम्पोनेंट भी उत्तर प्रदेश में ही बनता है। यह यूपी में निहित संभावनाओं की ही क्षमता है कि सैमसंग दुनिया का पहला मोबाइल डिस्प्ले यूनिट चीन से भारत और भारत में भी उत्तर प्रदेश में ले आया। आज प्रदेश देश में विकास



और निवेश के अभियान का बड़ा हिस्सा बनकर उभर रहा है।


सीएम योगी शनिवार को दोपहर बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय और आईटीएम (इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट) के बीटेक के करीब 600 छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से आठ छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2017 और उसके पहले के उत्तर प्रदेश की परिस्थितियों से आहत दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सैमसंग नोएडा की अपनी यूनिट बंद करना चाहती थी।

## निपुण भारत मिशनः 485 शिक्षक, शिक्षा मित्र प्रशिक्षित

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। निपुण भारत मिशन के तहत हरैया बीआरसी सभागार में शनिवार को अंतिम बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कुल दस बैच में 485 शिक्षक और शिक्षामित्र प्रशिक्षित किए गए। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया विजय आनन्द ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा बच्चों के भविष्य की नीव है। यदि यहां से बच्चे की बुनियाद कमजोर हो गई तो आगे चलकर उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य करें। प्राथमिक विद्यालयों में पढ़कर बड़ी संख्या में लोग उच्च पदों पर कार्यरत हैं। हमारे शिक्षकों को आज ज्यादा मेहनत से शिक्षण कार्य करने की जरूरत है ताकि समाज में परिषदीय विद्यालयों के प्रति लोगों की सोच बदले। कहा कि इस प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है जब शिक्षक प्रशिक्षण में सीखी गई विधाओं को अपनी कक्षाओं में लागू करें। एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उमेश सिंह,



### –बच्चों के भविष्य की नीव है प्राथमिक शिक्षा – विजय आनन्द

उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह और सुनील बौद्ध द्वारा भाषा के अंतर्गत अक्षर ज्ञान, मात्रा ज्ञान, कविता गणित के अंतर्गत संख्या ज्ञान, जोड़ और घटाना की संक्रिया, गुणा की संक्रिया, भाग की संक्रिया आदि विस्तृत तरीके से बताई गई।

इस अवसर पर डॉ योगेश सिंह, अरुण दूबे, यशोदा नन्दन ओझा, हनुमान दूबे, जीतेंद्र कुमार, मानिकराम वर्मा, अमरचंद, सचिन पाण्डेय, मधुसूदन तिवारी, उदय शंकर पाण्डेय, राजेश सिंह, हरी जी मिश्र, राम बालक, प्रेम सागर, अमरजीत यादव, मिंटू, श्रेया पाण्डेय, माधवी सिंह, भारती शुक्ला, सोनिया, मीरा, एकता सिंह, रुकमणी पाण्डेय, आकांक्षा सिंह, आरती, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ऋषि सिंह, राजेश वर्मा, दिवाकर सिंह, राकेश, जमुना आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने किया खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्वागतःसमस्याओं के निस्तारण की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता

बस्ती। शनिवार को नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया विजय आनन्द का शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष कुमार शुक्ल के नेतृत्व में स्वागत किया। शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को माला पहनाकर अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। सन्तोष कुमार ने उन्हें शिक्षकों के साथ ही विद्यालयों के समस्याओं की जानकारी देते हुये उसके प्रभावी निस्तारण का आग्रह किया।



खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनन्द ने कहा कि शिक्षक अपने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे से करें जिससे कि बच्चों के शिक्षा को लेकर एक सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का सृजन किया जा सके। शिक्षक शिक्षा का स्तर उठाने में सहयोग करें जिससे नौनिहाल बच्चों का भी भविष्य उज्जवल हो सके। ब्लॉक अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षण कार्य में सहयोग का आश्वासन देते हुए आग्रह किया कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण किया जाए।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक शैलेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह मंत्री प्रेम सागर, संयुक्त मंत्री मोहम्मद सलाम, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार, उपाध्यक्ष उदय शंकर पांडे,लवकुश त्रिपाठी प्रमोद ओझा,राम भेज,नरेंद्र कुमार पांडेय,जगदंबा प्रसाद द्विवेदी, सूर्य कांत द्विवेदी, करुणेश पाण्डेय,मीरा चौधरी, इश्तियाक अहमद, विपिन शुक्ला ,अरुण शुक्ला,अरुण द्विवेदी,राघवेंद्र पांडे, सर्वेश कुमार वर्मा ,पीयूष मिश्रा,विपुल गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर राकेश प्रकाश श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक एवम् संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उत्पीड़न, दबंगों द्वारा मार पीट के मामलों में सरदार सेना ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शनिवार को सरदार सेना जिलाध्यक्ष विनय चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सदस्यों ने दबंगों द्वारा मारने–पीटने, जान से मार देने की धमकी देने के दो मामलों को लेकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।




ज्ञापन देने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी वृजेश पटेल ने कहा कि ललितपुर जनपद में गौना थाना क्षेत्र के नारहट निवासी हुकुम सिंह के पुत्र इन्दल सिंह पटेल को गांव के ही सामंतवादी गुण्डा कृष्ण गोपाल, गुड्डू राजा, नानू राजा सहित 9 लोगों द्वारा रंजिशन घर में घुसकर बुरी तरह से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। इसके बाद पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दिया और घर में तोड़फोड़ किया। इंदल सिंह पटेल की स्थिति नाजुक है। उन्हें झांसी से ग्वालियर रेफर किया गया है। इस मामले में दोषियों को कड़ा दण्ड दिलाया जाय, अन्यथा सरदार सेना संघर्ष करने को बाध्य होगी।

मुण्डेरवा नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी सर्वेश चौधरी, अशोक चौधरी ने कहा कि चित्रकूट में पेरियार ई.वी. रामास्वामी के जयंती पर पर्चा बाटने के दौरान नत्थू कुशवाहा धर्मेन्द्र भाष्कर पुत्र बब्बू प्रसाद निवासी बेलरी रामपुर जनपद चित्रकूट को मारा पीटा। सामंतवादी विचारधारा के लोगों द्वारा उसे लगातार जान से मार देने की धमकियां दी जा रही है। इस मामले में पीड़ित को न्याय दिलाया जाय। जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौधरी शाका, राम दिनेश चौधरी ने कहा कि जाति, धर्म, क्षेत्रवाद के नाम पर उत्पीड़न का सिलसिला घातक है। इसे बंद कराया जाय। 6 सूत्रीय ज्ञापन में पीड़ितों की सपरिवार सुरक्षा, शस्त्र लाइसेंस दिलाये जाने, आरोपियों की गिरफ्तारी, 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दिये जाने आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजेश कुमार चौधरी, राम सिंह पटेल, डा. रामपाल चौधरी, अखिलेश प्रजापति, अभिषेक चौधरी, विजय पटेल, अमरजीत चौधरी, शहजाद आलम, धर्मेन्द्र चौधरी, राजेश चौधरी, आकाश चौधरी, आरिफ अंसारी, वीरेन्द्र पटेल, राजन चौधरी, प्रभात चौधरी, मो. अकरम, विनेश चौधरी, अंकुर पटेल, मनीष चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, राम बहाल, वृजेश पटेल, अजीत चौधरी, प्रदीप यादव, संगम निषाद आदि शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 22 सितम्बर 2024 रविवार

## सम्पादकीय

# एक देश एक चुनाव के निहितार्थ

पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'वन नेशन वन इलैक्शन' के लिए गठित समिति ने अपनी जो रिपोर्ट पेश की थी, उस पर मोदी सरकार की कैबिनेट ने मोहर लगा दी है। कैबिनेट का यह फैसला यदि ध्यान भटकाने की एक कवायद मात्र नहीं है तो इसका मतलब यही है कि अब केंद्र सरकार पूरे देश में लोकसभा, विधानसभाओं और निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। केंद्र सरकार इसके फायदे गिना रही है, लेकिन विपक्ष इसकी अव्यवहारिकता और इस फैसले से पैदा होने वाले संवैधानिक संकट को लेकर चिंताएं जाहिर कर रहा है। आइए इसे समझने का प्रयास करते हैं।

समिति ने भी अपनी रिपोर्ट की शुरूआत में ही विपक्ष की आपत्तियों का जिक्र किया है जिसमें कहा गया है पूरे देश में एक साथ चुनाव का विरोध करने वाले दलों ने यह मुद्दा उठाया कि यह विकल्प अपनाना संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होगा। यह अलोकतांत्रिक, संघीय ढांचे के विपरीत, क्षेत्रीय दलों को अलग–थलग करने वाला और राष्ट्रीय दलों का वर्चस्व बढ़ाने वाला होगा और इसका परिणाम राष्ट्रपति शासन की ओर ले जाएगा। गौरतलब है कि संविधान में यह संशोधन लाने के लिए आवश्यक संख्याबल सत्ताधारी दल के पास नहीं है।

राजनीतिक प्रक्रिया की गतिशीलता पर चोट रू समिति की रिपोर्ट यह मानती है कि भारत में जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू हुई तो लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही शुरू हुए थे, लेकिन 1960 के दशक में विभिन्न कारणों से सबके चुनाव अलग–अलग होने लगे। समिति को सुझाव देने वाले 'विशेषज्ञों' ने वही 'पूर्व की स्थिति को बहाल' करने का सुझाव दिया। यानी अगर यह सिफारिश लागू होती है तो यह सुधार की नहीं, बल्कि 70 साल पुरानी स्थिति को बहाल करने की कवायद है।

सारे चुनाव कितने समय के लिए एक साथ हो पाएंगे? रू अब सबसे बड़ा सवाल है कि संविधान में संशोधन करके सारे चुनाव एक साथ करा दिए जाएं तो क्या गारंटी है कि 20 साल बाद ऐसी ही स्थिति फिर नहीं बनेगी? किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की स्थिति बनी तो क्या होगा? इसका जवाब दिया जा रहा है कि अगर कोई सरकार 3 साल बाद गिर गई तो मध्यावधि चुनाव होंगे, लेकिन उसका कार्यकाल सिर्फ 2 साल का होगा। लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही विधानसभा का कार्यकाल भी स्वतरू समाप्त माना जाएगा। यानी मध्यावधि चुनाव पर खर्च तो तब भी होगा, लेकिन उस विधानसभा का 5 साल सरकार चलाने का अधिकार जरूर छीन लिया जाएगा।

कई चुनाव, ज्यादा खर्च का सच रू पहला तर्क है कि बार–बार चुनाव में खर्च अधिक होता है और देश पर आध्थिक बोझ बढ़ता है। अगर सारे चुनाव एक साथ करा दिए जाएं तो निश्चित तौर पर कुछ करोड़ रुपए बचेंगे। लेकिन यह राशि कितनी होगी? क्या देश के कुल बजट का आधा या एक प्रतिशत भी होगा? जवाब है नहीं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार होगा, क्योंकि चुनाव में खर्च होता है तो फिर मध्यावधि चुनाव का प्रावधान क्यों जो विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करेगा? फिर 5 साल ही क्यों? 10 साल क्यों नहीं? 20 साल क्यों नहीं? क्या लोकतंत्र की कीमत अब पैसे में तौली जाएगी? केंद्र और राज्य की सरकारों का चुनाव जनता करती है, वह काम के आधार पर राजनीतिक दलों और नेताओं को सबक भी सिखाती है, क्या जनता के इस महान अधिकार को कुछ करोड़ रुपयों के लिए छीना जा सकता है?

दूसरा तर्क है कि बार–बार चुनाव से मतदाताओं में चुनाव के प्रति उदासीनता आती है। लोकसभा चुनाव–2024 में 65.79 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इसके पहले 2019 में 67.40 प्रतिशत, 2014 में 66.4 प्रतिशत, 2009 में 58 प्रतिशत और 2004 में 58.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। इन 20 सालों में तो मतदान प्रतिशत थोड़ा नीचे–ऊपर होने के साथ लगातार बढ़ा है। क्या इसे मतदाताओं की उदासीनता माना जा सकता है? अगर राज्यों के भी कुल मतदान के आंकड़े देखें तो लोकसभा की ही तरह लंबी अवधि में मतदाताओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। कमेटी को ऐसे वोटर कब और कहां मिले जो कह रहे हैं कि हम बार–बार वोटिंग करके थक गए हैं।

वन नेशन वन इलैक्शन' पर बनी समिति की सिफारिशें देखने और भाजपा के तर्क सुनने के बाद ऐसा लगता है कि यह देश के संघीय ढांचे को नष्ट करके शक्ति के केंद्रीकरण की कोशिश है। इसके लागू होने के बाद राज्यों की स्वायत्तता छिनेगी। चुनाव आयोग में मैन पावर का संकट आएगा, जिसका समाधान, अधिक संभावना है कि लेटरल एंट्री के जरिए होगा और केंद्र में बैठी पार्टी के लोगों को भरा जाएगा।

आधी रात को जी.एस.टी. कानून लागू करके उत्सव मनाने का तर्क भी लोगों को समझ नहीं आया था। अब जी.एस.टी. से जिसको फायदा किसे हुआ सब जानते हैं लेकिन वह छोटे–मझोले कारोबारियों के लिए अभिशाप साबित हुई यह एक खुला सत्य है। वैसे ही 'वन नेशन वन इलैक्शन' के पीछे क्या सोच है अभी इसका ठीक अंदाजा लगाना मुश्किल है। अभी इसका मसौदा आना बाकी है। लेकिन जो कवायद चल रही है, उसकी मंशा और नीति–नीयत पर संदेह करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं।

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर चोट



–ललित गर्ग–



लाखों–करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने।

प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर–प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।

एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन–आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक–ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर–बाहर आने–जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार–तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त–दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक–स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते?

यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। मिलावट विरोधी कानूनों के सबसे कड़े प्रावधान उस पर लागू होने चाहिए और सजा ऐसी मिलनी चाहिए कि मिसाल बन जाए। यह कार्य स्वयं मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसे संवेदनशील मामलों में राजनीति तो कत्ताई नहीं होनी चाहिए, आरोप–प्रत्यारोप से भी बचा जाना चाहिए। भावनाओं से खेलने के बजाय शासकों को शासन– प्रशासन के जरिये सुनिश्चित करना होगा कि शुद्धता–गुणवत्ता केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि तमाम जगहों और उत्पादों में बहाल रहे। दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया गया है।

मन्दिर–व्यवस्थाएं मूल्यहीन और दिशाहीन हो रही है, उनकी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता, अपवित्रता और अविश्वास के चक्रव्यूह में मन्दिर मानो कैद हो गये है। यह तो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है कि प्रसादम के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है, सामान्य जन–जीवन में दूध, घी, मसाले, अनाज, दवाइयां तथा अन्य रोजमर्रा के उपयोग एवं जीवन निर्वाह की शुद्ध वस्तुएं किसी भाग्यशाली को ही मिलती होंगी। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? इस भ्रष्ट एवं अनैतिकता की आंधी मन्दिरों तक पहुंच गयी है, हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध प्रसादम हासिल करना श्रद्धालुओं का मौलिक हक है और यह मन्दिर प्रबंधन के साथ सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले। मंदिरों में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन केवल संस्कृति से जुड़े नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न लोगों को ही सौंपा जाना चाहिए।

# यौन हिंसा की सोच और समाज

–अविजीत पाठक–



एक महीने से अधिक हो चला जब कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी। इस किस्म के जघन्य कांड ने , वह भी एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अंदर, कोलकाता शहर या यूं कहें कि संपूर्ण पश्चिम बंगाल को झकझोर कर रख दिया। कोई हैरानी नहीं कि युवा डॉक्टर, छात्र, आम महिला–पुरुष और सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग, इनके स्वतःस्फूर्त सामाजिक आंदोलन ने काफी 'लोकप्रिय' रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिलाकर रख दिया है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और आरोपियों की राजनीतिक पहुंच की कहानियां, प्रशिक्षु डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान को खतरे का मुद्दा उजागर हुआ। बात जब निष्पक्ष जांच की आई तो राज्य सरकार पर भरोसे की कमी देखी गई। मुख्यमंत्री के लिए इस 'वैधता संकट' से उबरना आसान नहीं होगा।

हमने इस आंदोलन के सकारात्मक पहलुओं पर भी गौर किया है रू प्रशिक्षु डॉक्टरों का अपनी समस्याओं के लिए लड़ने पर दृढ़ निश्चयी होकर डटे रहना और विरोध करने का उत्सव सरीखा स्वरूप, जिसमें आम नागरिक सड़कों पर उतर रहे थे, देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जमे रहकर 'न्याय' के गीत गा रहे थे। इसके अलावा, इस जनांदोलन को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के सीधे प्रभाव से बचाने का प्रयास संभवतः दर्शाता है कि 'राजनीति' विशेषकर, जिस किस्म की पेशेवर राजनेता कर रहे हैं, इसने हमारे वक्त में अपने लिए एक बुरा अर्थ अर्जित कर लिया है।

हालांकि, तथ्य यह भी है कि इस किस्म के आंदोलन ज्यादा लंबा खिंचते नहीं। सीबीआई अपने निष्कर्षों को उजागर करेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी, राज्य सरकार ने डॉक्टरों से समझौता किया, दोषियों को दंडित किया जाएगा, और कुछ –जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैंदृ अपराधी को मृत्युदंड देने का शोर मचाएंगे। फिर, सब कुछ पहले की भांति 'सामान्य' हो जाएगा! संभवतः, जो युवा डॉक्टर जो आज विरोध कर रहे थे, इनमें कुछ ऐसे होंगे जो 'सांसारिक' चीजों को अधिक प्राथमिकता देना शुरू कर देंगे, और आखिरकार किसी कॉर्पोरेट या निजी अस्पतालों का हिस्सा बनकर अपने अमीर ग्राहकों को एक वस्तु के रूप में 'अच्छा स्वास्थ्य' बेचते नजर आयेंगे। और कोलकाता की गलियों में मुक्ति के गीत गाने वाला सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग भी अपने अनन्य कार्यक्षेत्रों में वापस रम जाएगा। इस बीच, हम बलात्कार की एक और कहानी के बारे में सुनेंगे३ मत भूलें कि हमने अपने समाज में यौन हिंसा को लगभग रोजाना की सामान्य घटना बना डाला है।

वार्षिक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2022 के बीच, भारत में कुल 1.89 लाख बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्गों में बंटे और जाति–केंद्रित समाज से पीड़िता की परवाह की आस कौन करे, विशेष तौर पर यदि वह महिला एक वंचित समाज से, कोई घरेलू सहायिका या फिर किसी गुमनाम गांव की स्कूली छात्रा हो। तब कोई सामाजिक आंदोलन नहीं होगा, न ही कोई कोलकाता या दिल्ली की गलियों में लैंगिक न्याय के गीत गाएगा।


वास्तव में यदि हम इस सड़ांध का विरोध और यौन हिंसा के वायरस से यथोचित रूप से मुक्ति हेतु एक समझदार समाज की ओर बढ़ने की कोशिश करना चाहते हैं, तो हमें 'विषाक्त मर्दानगी' नामक विकृति का मुकाबला करने के लिए एक और आंदोलन में हिस्सा लेने की जरूरत होगी– मानसिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक। खैर, हमारे परिवारों में, लड़के इस मान्यता के साथ बड़े होते हैं कि उन्हें दबंग, सख्त और बहादुर होना चाहिए। हालांकि, 'विषाक्त मर्दानगी' का जीवन को पुष्टि देने वाले गुण जैसे कि साहस, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति से कोई लेना–देना नहीं है। इसके बजाय, यह दूसरों को नुकसान पहुंचाने में परपीड़क आनंद पाने वाली है। जिसमें सहानुभूति और देखभाल नदारद हैं। यह हिंसा का महिमामंडन करती है और यौन आक्रामकता को बढ़ावा देती है।

जैसा कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक समझाते हैं, यह 'सामाजिक रूप से प्रतिगामी मर्दानगी का स्वरूप' है जिससे ग्रस्त व्यक्ति दूसरे पर हावी होने की ललक, स्त्री–सम्मान का जरा मोलन समझना, समलैंगिकता–विरोध और बेतहाशा हिंसा का चाव रखता है। 'विषाक्त पुरुषत्व' के जहर के बिना बलात्कार की कल्पना तक करना मुश्किल हैदृ महिला को महज एक वस्तु के रूप में लेने का अंतिम तरीका या यौन सुख की खातिर एक निष्प्राण खिलौने में बदलना। यहां यह समझना महत्वपूर्ण है कि 'विषाक्त पुरुषत्व' के मनोविज्ञान को अक्सर युद्ध, सैन्यवाद, अति–राष्ट्रवाद, अश्लील स्वरूप वाले प्रतिस्पर्धी 'मर्दाना' खेल और विभाजनकारी सांप्रदायिकता में आनंद बनाने के माध्यम से उभारा एवं प्रोत्साहित किया जाता है।

हां, यह भी एक तथ्य है कि संपूर्ण इतिहास में अक्सर यौन हिंसा का उपयोग दुश्मन के लोगों को अपमानित करने, वश में लाने और आतंकित करने के लिए एक हथियार के रूप में बरतने का वर्णन है। उदाहरणार्थ, जैसा कि कई शोधों का भी निष्कर्ष है, बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा 200,000 से 400,000 स्थानीय महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया था। भारत–पाक विभाजन और उसके परिणामस्वरूप सांप्रदायिक घृणा पर एक गहरी नजर डालने से पता चलता है कि सीमा के दोनों ओर महिलाओं का यौन उत्पीड़न हुआ था।

इसी तरह, प्रचलित संस्कृति उद्योग पूरी तरह से स्त्री–द्वेषी सोच से मुक्त नहीं है। पोर्न साहित्य का व्यापक प्रसार, जिसमें महिलाओं का वस्तुकरण, और तात्कालिक यौन सुख की इच्छा से मदमस्त क्रूर पुरुषत्व का महिमामंडन किया जाता है। निरूसंदेह, महिलाओं के निरंतर अपमान और अवमानना जारी रहने के कई कारण हैं। इसलिए, कोई हैरानी नहीं है कि 'एनिमल' जैसी फिल्म 2023 की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में एक रही, भले ही स्त्री–द्वेष एवं 'विषाक्त मर्दानगी' और अत्यधिक हिंसा के चित्रण के लिए इसकी कड़ी आलोचना की गई हो। तभी तो शोर–शराबा पसंद युवाओं कोदृ यहां तक कि हमारे स्कूल–कॉलेजों मेंदृ 'मैं हूं बलात्कारी' जैसे लचर गीतों पर झूमते देखना मुश्किल नहीं हैं। वास्तव में, 'विषाक्त पुरुषत्व' विकृति का मुकाबला करना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए एक सतत आंदोलन की आवश्यकता है– संभवतः, हमारे स्कूलों और परिवारों में एक मौन आंदोलन की। इस मुहिम को बढ़ावा देने के लिए हमें समाजीकरण और शिक्षा के एक क्रांतिकारी सतत अभ्यास की जरूरत होगी।

# विश्व शांति और भारत



–पूरन चंद सरीन–

कहते हैं कि युद्ध मनुष्य, के दिमाग की उपज होता है, प्रश्न यह है कि क्या इसके स्थान पर उसमें शांति की पैदावार नहीं हो सकती? संयुक्त राष्ट्र ने 25 वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की शुरूआत की। इस संदर्भ में यह समझना होगा कि हमारे लिए आज इसका क्या महत्व है!

गलती की सजा – हमारे देश में इंडियन पीस कीपिंग फोर्स यानी भारतीय शांति स्थापना बल की कल्पना और उसका गठन स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में किया था। उल्लेखनीय है कि उन्हें प्रधानमंत्री पद एक तरह से राजनीतिक विरासत के रूप में मिला था जिसमें योग्यता कोई कसौटी नहीं थी!आई.पी.के.एफ. के बारे में 2 बहुत ही सारगर्भित तथा चौंकाने वाले तथ्यों से भरपूर पुस्तकें उनके लेखक तथा संपादक और संकलनकर्त्ता कर्नल अतुल कोचर तथा कर्नल बी.आर. नायर ने पढने के लिए दीं। इस विषय पर उनसे विस्तार से बातचीत भी हुई।

हुआ यह था कि पड़ोसी देश श्रीलंका में तमिल और सिंहली भाषियों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष चल रहा था। तमिलभाषी अपने लिए अलग राज्य की मांग कर रहे थे और बहुत से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर रहे थे। राजीव गांधी से श्रीलंका के राज्यवर्धने ने उनसे सहायता को लेकर या जो भी उनका मंसूबा रहा हो, मुलाकात की। आनन–फानन में भारत–श्रीलंका समझौता हो गया। इस बारे में मणि शंकर अय्यर ने राजीव गांधी पर लिखी पुस्तक में इस घटना का जिक्र किया है। वे लिखते हैं कि बाहर हॉल में समझौते पर हस्ताक्षर हुए और उसके बाद राजीव और राज्यवर्धने बगल के कमरे में गए। उनके बीच जो बात हुई, वही जानें लेकिन बाहर आकर घोषणा कर दी कि भारत श्रीलंका में वहां के विद्रोहियों को सबक सिखाने और शांति स्थापित करने के लिए अपना सैन्य बल भेजेगा। इस तरह आई.पी.के.एफ. का गठन हो गया और चुनिंदा सैनिकों को भेजने के आदेश दे दिए गए। यहां यह बताना सही होगा कि विश्व की 2 महाशक्तियां अमरीका और रूस दूसरे देशों के अंदरूनी और आपसी झगड़ों को सुलझाने तथा वहां शांति स्थापित करने के नाम पर अपनी फौजों को भेजती रही हैं। उनका काम उस बंदर की तरह होता है जो 2 बिल्लियों की लड़ाई में चौधरी बनकर अपना उल्लू सीधा करता है।

इन दोनों ताकतों का असली मकसद अपने हथियारों का परीक्षण और उनकी मारक क्षमता को भुनाकर अन्य देशों को बेचना होता है। इस चक्कर में वे देश तबाह हो जाते हैं जो उनके शांति बहाल करने के झांसे में आ जाते हैं। भारत ने कभी अपनी सैन्य शक्ति का बेवजह प्रदर्शन नहीं किया और महासमर शक्ति कहलवाने की हवा को बढ़ावा नहीं दिया और न ही कोई सनक पाली। राजीव गांधी यहीं चूक गए और इंदिरा गांधी की तरह नाम कमाने की जल्दबाजी कर दी जो पाकिस्तान के 2 टुकड़े करके उन्होंने कमाया था। राजीव गांधी भूल गए कि श्रीलंका और पाकिस्तान के संघर्षों में फर्क है। उनकी इस नासमझी की कीमत देश को अपने 1200 से अधिक सैनिकों के बलिदान और हजारों के जख्मी होने से चुकानी पड़ी। यह तथ्य कैसे भुलाया जा सकता है कि जिस लिट्टे प्रमुख प्रभाकरण को सबक सिखाने के लिए आई.पी.के.एफ. को तैनात किया गया था, उसकी परवरिश तमिलनाडु में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने की थी। यह वैसा ही था जैसे उत्तर भारत के पंजाब में इंदिरा गांधी ने भिंडरांवाले का पालन–पोषण किया था जो अंततरू उनकी ही बर्बादी का कारण बना। इसी तर्ज पर श्रीलंका के प्रेम दास और भारत के राजीव गांधी लिट्टे के हाथों मारे गए।

ऑप्रेशन पवन – अंग्रेजी में लिखी दोनों पुस्तकें जिनके शीर्षक 'रिसरेक्टिंग आई.पी.के.एफ. लैगेसी' और 'वेलिएंट डीड्स, अनडाइंग मैमोरीज' हैं, हमारे उन वीर सपूतों की कलम से निकली हैं जिन्होंने अपने अदम्य साहस, शौर्य, जीवट और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देश का नाम रोशन किया है।

# बिना सर्किल रेट बढ़ाए सात साल में यूपी में रजिस्ट्री से दोगुना हुई आय -राज्यमंत्री



**संवाददाता–महराजगंज।** सिंचाई डाक बंगला निचलौल में प्रदेश सरकार के स्टाम्प और पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। कहा कि यूपी में पिछले सात साल में सर्किल रेट बिना बढ़ाए ही भूमि की खरीद फरोख्त और अन्य स्रोत के जरिए रजिस्ट्री से दोगुना आय हो रही है। वर्ष 2016 में प्रदेश में जहां 16 लाख रजिस्ट्री हुई थी वह अब 32 लाख के करीब पहुंच रही है। इस वर्ष रजिस्ट्री से 29 हजार करोड़ रुपए आमदनी हुई है।

उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण लगने से उद्योग पति यहां उद्योग लगाने लगे हैं, उन्हें आसान शर्तों पर भूमि की रजिस्ट्री किए जाने से उद्योग स्थापित करना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि निचलौल में रजिस्ट्री विभाग का कार्यालय तीसरे मंजिल पर होने से बुजुर्ग और दिव्यांगों को वहां चढ़ने में परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए कार्यालय को तहसील के भूतल पर शिफ्ट करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एआईजी मनोज कुमार व तहसीलों के सब रजिस्ट्रार आदि मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल सबसे पहले यूपीडीएफ के चेयरमैन और सीए पंकज गांधी जायसवाल के निचलौल आवास पर पहुंचे जहां उन्हें सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने पंकज गांधी जायसवाल के अर्थ व्यवस्था पर लेख और उनकी तीक्ष्ण प्रतिभा की सराहना की। इस मौके पर नगर चेयरमैन शिवनाथ मद्धेशिया, अरुण कुमार जायसवाल, जगदीश गुप्त, संतोष सिंह, पवन दूबे, श्यामबिहारी अग्रवाल, सुनील पांडेय, अशोक वर्मा, दीपक जायसवाल, विजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

सिसवा के एक बैंक्वेट हॉल में उद्यमी संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल द्वारा उद्योग के क्षेत्र में परिचर्चा करते हुए नगर के उद्यमियों को सम्मानित किया गया।

राज्य मंत्री ने उत्पादन के क्षेत्र में सिसवा में परचम लहराने वाले कैप्टन मानवेंद्र सिंह, बच्चन लाल गोंड, अरुण पांडेय, रजनीश केडिया, कृष्णमुरारी सिंह, विवेक चौरसिया, सत्यप्रकाश तिवारी, शिव सोनी, जितेंद्र वर्मा, डिंपल जायसवाल, अंबुज आदि उद्यमियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि यूपीडीएफ के अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन पंकज गांधी जायसवाल ने अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। इस दौरान मनीष शर्मा ने सिसवा में उपनिबन्धन कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। अंत में कार्यक्रम संयोजक अमित अंजन ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरिराम भालोटिया, नवीन सिंह, संजय गुप्ता, उमेश जायसवाल, धर्मनाथ खरवार, दयाशंकर सिंह, राजन विश्वकर्मा, अनुराग रौनियार, हासिम अंसारी, नागेंद्र मल्ल, अमरेंद्र मल्ल, रमेश जायसवाल सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री ने लगाया झाड़ू, स्वच्छता अभियान को लेकर किया जागरूक



**संवाददाता–महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की अगुवाई में शनिवार को राष्ट्रव्यापी पहल स्वच्छता ही सेवा के तहत महुआ स्थित रामजानकी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंत्री व सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने भाजपाइयों संग झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मंत्री ने कहा कि यह अभियान स्वच्छ और हरित भारत को बढ़ावा देने का यह बेहतर प्रयास है। केंद्रीय मंत्री ने सदर विधान सभा क्षेत्र के महुआ स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में साफ–सफाई का शुभारंभ किया। विधायक और कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने पौधरोपण भी किया। सभी से धरती माता की सेवा के लिए स्वच्छता और पौधरोपण के क्रियाकलापों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने अभियान में व्यवहार, संस्कार, जिम्मेदारी और सामूहिक भागीदारी के मूल सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के तहत सैकड़ों लोगों ने स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कृष्ण गोपाल जायसवाल, सानंदन पटेल, वीरेंद्र लोहिया, राकेश अग्रहरी, विश्व शर्मा पटेल, राणा प्रताप, अशोक, राजेंद्र पटेल, अमरनाथ शुक्ला, नगीना निषाद, कीर्तन, पौहारी शरण, नीरज, विद्यासागर, प्रदीप उपाध्याय, प्रदीप गौड, राजेन्द्र पटेल, श्यामनरायण यादव, सुधाकर पटेल, रामसिंगार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जहदा मंडल के एसएस इंटरमीडिएट कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष राजन पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, बलराम दुबे, आकाश श्रीवास्तव, आकाश गुप्ता, आशीष कसौधन, अभिषेक कुमार मिश्रा, राजेश यादव अशोक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो लोगों पर भेड़िये ने किया हमला

**संवाददाता–गोण्डा।** रुपईडीह में फरेंदा शुक्ल ग्राम पंचायत के राम ललक पुरवा में शुक्रवार देर रात भेड़िये ने दो लोगों पर हमला कर दिया। इसमें दोनों लोग घायल हो गए। भेड़िये के आहट से पूरा गांव भयभीत हो गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान अन्नू देवी शुक्ला एवं मुकेश शुक्ला सहित सभी ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को दी। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भेड़िये की तलाश शुरू कर दी। खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरेन्दा शुक्ल के मजरा राम ललक पुरवा के निवासी शाकिर अली के पुत्र शाहिल अली सहित दो लोगों पर भेड़िए ने हमला कर घायल कर दिया। इससे परिवार व गांव में चीख पुकार मच गया। गांव के सभी लोग भयभीत हो गए। गांव के लोग लाठी डंडा टॉर्च व हथियार लेकर घरों से बाहर निकल पड़े। शोर–शराबा सुनकर और भीड़ के आने पर भेड़िए भाग निकले। इसके बाद हमले की सूचना ग्राम प्रधान अन्नू देवी शुक्ला, युवा समाजसेवी मुकेश शुक्ला, अनिल अवस्थी, आदर्श अवस्थी, सहित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ भेड़िया की तलाश शुरू की। घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से ले जाया गया है। घायलों का इलाज जारी है। वहीं भेड़िए को पकड़ने के लिए वन विभाग सतर्क हो गया है। गांव वाले भी लाठी–डंडे लेकर रात में पहरेदारी कर रहे हैं। बच्चों को घरों से निकलने नहीं दिया जा रहा है।

# पुलिस व बदमाशो में मुठभेड़, फायरिंग में एक बदमाश को लगी गोली



**संवाददाता–गोण्डा।** कोतवाली करनैलगंज पुलिस की शुक्रवार की देर रात नारायनपुर मांझा प्राथमिक स्कूल के करीब बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा भाग निकलने में कामयाब रहा। घायल बदमाश को स्थानीय सीएचसी में उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया। विगत दिनों कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत बालपुर चौकी क्षेत्र के परसागोड़री छोटकीपुरवा में चोरी के दौरान बदमाशों ने घर के सदस्य को गोली मार दिया था।

जिसे जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। तभी से घटना के अनावरण में पुलिस व एसओजी टीम लगी थी। शुक्रवार की देर रात करीब 1रू30 बजे करनैलगंज पुलिस के जवान नारायनपुर मांझा की ओर गश्त पर थे। तभी बाइक सवार दो युवक संदिग्ध दशा में दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो बाइक सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए आगे की ओर भागे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बाइक पर बैठे एक बदमाश बच्चन (40) पुत्र गंगाराम निवासी बौनापुर लोनियनपुरवा थाना कौड़िया के पैर में गोली लगी। जिससे वह बाइक से गिर पड़ा। जबकि उसका साथी बाइक छोड़कर भाग निकला। गोली लगने से घायल बच्चन को पुलिस उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाशों के पास से एक बाइक, एक 12 बोर तमंचा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक समेत पुलिस टीम, एसओजी, सर्विलांस व फॉरेंसिक टीम मौजूद रही।

# गोंडा–बहराइच रेल प्रखंड पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**संवाददाता–गोण्डा।** गोंडा–बहराइच रेल प्रखंड पर ट्रेन से कट कर युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पयागपुर थाना क्षेत्र के सरसा गांव के रहने वाले शिवदयाल 22 वर्ष पुत्र जगदीश के रूप में हुई है। पुलिस अभी इस बात का पता लग रही है, कि युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दी है। या फिर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। जिस स्थान पर युवक की मौत हुई है। वहां से गांव की दूरी महज 500 मीटर है। पयागपुर थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने बताया कि डेमू ट्रेन से कट कर युवक की मौत हुई है। शव कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

# डीएम, एसपी ने समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए

**संवाददाता–गोण्डा।** जिले में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम नेहा शर्मा ने निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय। टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें। निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने अपनी ही पार्टी के विधायक का बिना नाम लिए मनचला कह डाला



**संवाददाता–गोण्डा।** प्रदेश सरकार के कारागार और जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान गोंडा पहुंचे। शनिवार को वह कर्नलगंज और तरबगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा किया। नकहरा गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण कर उनका हाल–चाल लिया।

जब उनसे एक पत्रकार ने सवाल किया कि आपकी पार्टी के एक विधायक कह रहे हैं। यदि 24 घंटे के लिए पुलिस हटा ली जाए तो हम अपनी ताकत दिखा देंगे। पत्रकार ने आगे सवाल किया कि यदि यही बयान ओवैसी देते हैं, तो बहुत हल्ला मचता है। अब आप ही के पार्टी के विधायक ऐसा कह रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का हमारे संगठन का कोई भी संजीदा व्यक्ति ऐसा नहीं कह सकता है। कुछ मनचले लोग कहते हैं। तो मैं नहीं कह सकता हूं। उन्होंने कहा कि जो पार्टी का संजीदा व्यक्ति होगा। वह ऐसा कभी नहीं कह सकता है। दरअसल महाराष्ट्र के सांगली से विधायक नितीश राणे का एक बयान आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 24 घंटे के लिए पुलिस हटा ली जाए तो हम अपनी ताकत दिखा देंगे।

प्रदेश सरकार की कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान शनिवार को कर्नलगंज और तरबगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा किया। उन्होंने कम्युनिटी किचन में लंच पैकेट के भोजन की गुणवत्ता को परखा। मंत्री ने बाढ़ के दौरान बह गई सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि बाढ़ के स्थाई समाधान के लिए सरकार गंभीर है। इस पर बातचीत चल रही है। मंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों का हाल–चाल लेने के लिए हमें भेजा गया है। उससे संबंधित बातचीत की जाए तो ज्यादा अच्छा होगा।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पहुंचे अयोध्या रामकोट की परिक्रमा के साथ निकालेंगे यात्रा



**अयोध्या से प्रारंभ होगी और वृंदावन में 26 अक्टूबर को होगा समापन**

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहुंचे अयोध्या प्रेस से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से 22 सितंबर स

26 अक्टूबर तक यात्रा निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ 22 सितंबर को क्रिनासको होटल से सुबह 10:30 बजे धर्म सभा के साथ होगा धर्म सभा के बाद 11 बजे अयोध्या पहुचकर स्वामी अभीमुक्तेश्वरानंद रामकोट की परिक्रमा करेंगे और यही से यह यात्रा प्रारंभ हो जाएगी।रामकोट की परिक्रमा करके इस ध्वज की स्थापना करेंगे। इसके बाद लखनऊ जाएंगे। जहां से पटना इसी प्रकार देश के 36 प्रदेशों की राजधानी में गो– ध्वज स्थापित करेंगे। यह यात्रा 36 दिनों तक चलेगी। इसके बाद 26 अक्टूबर को वृंदावन में आकर इस यात्रा को पूरा करेंगे।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने गोवंश को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा– गो माता को लेकर बीजेपी का दोहरा चरित्र अब नहीं चलेगा। उनके नेताओं को अपना एजेंडा साफ करना होगा। हम गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का ऐलान कर चुके हैं। इसके साथ दो संकेत मिले हैं। हमारी यात्रा का नगालैंड के बीजेपी अध्यक्ष ने विरोध किया। लेटर जारी करके कहा, हमारी संस्कृति का हिस्सा है कि हम गाय को काटे और खाएं। अगर आप गाय की बात को लेकर नगालैंड आते हैं, तो स्टेट में आपको प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह जो राजनीति है कि कुछ लोग इस तरफ मिल आओ, कुछ उस तरफ मिल जाओ। जहां जैसी परिस्थिति हो, वहां वैसा फोटो आगे कर दो। जब गाय का प्रेमी आ जाए, तो ये वाला फोटो आगे कर दो। जब गाय का द्रोही आ जाए, तो दूसरी वाली फोटो आगे कर दो और कहो कि हम आपके साथ खड़े हैं।बीजेपी बताए कि विचारधारा क्या है? शंकराचार्य ने कहा अब यह नहीं चलेगा कि देश के एक भू–भाग में गाय को काटने के लिए कहें और दूसरे भू–भाग में गाय को दुलारने के लिए कहें। पार्टी की दोहरी रणनीति अब नहीं चलेगी। पार्टी को साफ बताना होगा कि क्या विचारधारा है? सके साथ खड़े है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के संसदीय दल के नेता प्रधानमंत्री गाय के बच्चे को दुलारते हैं, पुचकारते हैं। फूल की माला और चुनरी ओढ़ते हुए दिखाया जाता है गोद में लेकर चूम रहे हैं अपना गाल चटवा रहे है इस दोहरे चरित्र को साफ करना होगा कि प्रधानमंत्री का एजेंडा क्या है और बीजेपी का एजेंडा क्या है। भारत के किसी भी हिस्से में दोहरा चरित्र नहीं चलेगा की नागालैंड का अध्यक्ष अपने संस्कृति का हिस्सा बताता है वह प्रधानमंत्री दुलार करते हैं। स्वामी अभी मुक्तेश्वर आनंद ने तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाने के मामले पर कहा कि यह करोड़ों सनातनियों की पवित्रता को खंडित करने का प्रयास है। पुराने समय से यह चलता चला आया है। पहले विधर्मी कुएं में मांस का टुकड़ा फेंक देते थे। कहते थे कि तुमने यहां का पानी पी लिया अब आप हिंदू नहीं रह गए, मुसलमान हो गए। अब तुम हिंदू धर्म से अलग हो गए। यह घटना किसी विधर्मी की साजिश है। इसका पर्दाफाश होना चाहिए। दोषी मिलने पर कठोर से कठोर दंड मिलना चाहिए। ऐसी सजा, जो आज तक किसी को न मिली हो।

स्वामी जी ने कहा अयोध्या के साधु संतों के साथ पूरे देश के धर्माचार्यों से निवेदन किया कि वे खुद मंदिरों में पूजा आरती और भोग की व्यवस्था को संभाले। नहीं तो ऐसी घटनाएं रोज होंगी। सरकारों के वश की बात नहीं है। क्योंकि, सरकार, उनके नेता और अधिकारी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के होते हैं। इसलिए यदि उनके द्वारा हमारी पूजा व्यवस्था होगी तो कदम–कदम पर खंडित होगी। उन्होंने कहा कि तिरुपति के पास अपना खुद का गोशाला नहीं है क्या? हमारे सामने एक सबसे बड़ा सवाल है कि तीन लाख करोड़ से अधिक रुपए हम सनातनधर्मियों ने मंदिर में जा–जाकर चढ़ा दिए। 11 हजार करोड़ से अधिक का सोना वहां चढ़ा दिया। यह सब भक्तों का दिया हुआ है। फिर आप बाहर से घी खरीदकर भोग क्यों लगाओ? क्यों नहीं आपने गौशाला का निर्माण किया? अगर खुद की गोशाला होती तो दूध, दही, घी खुद का होता। टेंडर निकालने की जरूरत नहीं पड़ती। वहां एक विशाल गोशाला की स्थापना की जानी चाहिए। वहीं से उत्पन्न घी से भगवान का भोग लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां एक देश एक चुनाव की बात तो चल रही है, लेकिन गोमाता को लेकर कोई चर्चा नहीं चल रही है। इसको लेकर पूरे देश में एक कानून बनाने की जरूरत है। देश के सभी प्रदेशों में गाय को लेकर एक समान कानून बनाए जाए। क्योंकि हर प्रदेश में गोमाता को लेकर अलग–अलग कानून है।

# सेवा धर्म सबसे कठिन धर्म है, सेवा दिवस के रूप में मनाया गया संत संजय दास का जन्म दिवस



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। सेवा दिवस के रूप में मनाया गया श्री श्री 1008 महंत ज्ञान दास जी महाराज के उत्तराधिकारी संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास का जन्म दिवस, भागवताचार्य स्मारक सदन में संतों महंतों एवं महाराज जी के अनुयायियों की एक सभा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता हनुमानगढ़ी के पूर्व प्रधानमंत्री महंत माधव दास महाराज ने कि और सभी संतो महंतों ने महंत संजय दास के शतायु की कामना करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। इससे पूर्व श्री राम हॉस्पिटल में संकट मोचन सेना की तरफ से मरीज को फल वितरण किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए,महंत माधव दास ने कहा कि संजय दास महाराज स्वयंसेवा की प्रतिमूर्ति हैं निरंतर गुरुदेव भगवान की सेवा करते रहते है, इससे यह प्रेरणा मिलेगी की सभी व्यक्तियों को अपने गुरु माता–पिता की सेवा करनी चाहिए।

हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन महंत प्रेमदास महाराज के शिष्य डॉक्टर महेश दास ने कहा कि सेवा धर्म सबसे कठिन है हनुमान जी महाराज की तरह त्याग और तपस्या करने वाला ही सेवा कर सकता है और यह सभी गुण संजय दास में विराजमान है।बड़े हनुमान मंदिर के अधिकारी छविराम दास महाराज ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है सनातन धर्म के विकास के लिए सेवा प्रकल्प अति आवश्यक है जो संजय दास जी महाराज कई प्रकल्पों द्वारा कर रहे हैं हनुमान जी महाराज उन्हें दीर्घायु दें जिससे यह सेवा निरंतर चलती रहे। महंत संजय दास ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहां की गुरु जी के आशीर्वाद से ही यह कार्य संपन्न हो रहा है।

कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हनुमान जी महाराज सबके संरक्षक हैं और अयोध्या का दबदबा हमेशा रहा है और हमेशा कायम रहेगा। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी संजय दास महाराज के गुरु भाई हेमंत दास ने संजय दास महाराज को जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न उपहार भेंट किया। संकट मोचन हनुमान किला के महंत परशुराम दास ने उपहार भेंट कर दीर्घायु की कामना की।तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास महामंडलेश्वर आशुतोष दास, महंत शशिकांत दास महंत मनीष दास,महंत हरिभजन दास, प्रेम मूर्ति कृष्णकांत दास, सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने उपहार भेंटकर शुभकामना दी, अभिषेक दास, शिवम सहित सैकड़ों संत महंत और संजय दास जी के अनुयाई उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने सीएचसी इकौना का निरीक्षण किया

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय प्रताप सिंह ने शनिवार शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, यूनिक आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखें। मरीजों का समय से इलाज हो और प्रसव पीड़िताओं को समय से इलाज मुहैया कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों से अच्छा व्यवहार करें।


# कार्यालय जिला पंचायत बस्ती।

## ई–निविदा/ई–निविदा सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों के साथ–साथ राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है जिला पंचायत बस्ती को विभिन्न योजनान्तर्गत शासन से प्राप्त अनुदानो में उपलब्ध धनराशि से चयनित निर्माण कार्यों की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा प्रपत्र बेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनाक 24.09. 2024 को समय 11:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है, तथा ऑनलाइन ई–निविदा की अन्तिम तिथि 08.10.2024 को समय सायं 05:00 बजे तक होगी, दिनांक 09.10.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष निविदायें खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ब्याने की धनराशि का अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बस्ती के पक्ष में भुगतान हेतु देय होगी, की स्कैन प्रतियां, प्रत्येक निविदादाता द्वारा रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आनलाइन स्कैन करते हुये निविदा में लगाया जायेगा। निर्माण कार्यों का विवरण एवं शर्तों की जानकारी ई–टेण्डर की वेबसाइड पर देखी जा सकती है साथ ही निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| सुनील प्रताप सिंह | विजय प्रकाश वर्मा | संजय चौधरी |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत बस्ती | जिला पंचायत बस्ती | जिला पंचायत बस्ती |

कार्यालय जिला पंचायत बस्ती।

पत्रांक– 527/ डि0/जि0पं0ब0/2024–25 दिनॉक 21–09 2024

## लिटिल फ्लावर्स स्कूल मधुपुरम् में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में छात्रों ने दिखाया हुनर



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लिटिल फ्लावर्स स्कूल मधुपुरम् वाल्टरगंज बस्ती में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक व मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं विद्यालय संस्थापिका स्वर्गीय मधुरानी सिंह के चित्रानावरण, माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के होनहार छात्रों ने कुल 51 मॉडल प्रस्तुत किए। जिनमे विज्ञान, पर्यावरण, ऊर्जा, कृषि, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण निवारण, मृदा संरक्षण आदि अनेक विषयों पर अभूतपूर्व प्रारूप प्रस्तुत किए। जिसकी सराहना निर्णायक मंडल के प्रत्येक सदस्यों ने मुक्त कंठ एवं उन्मुक्त हृदय से की।

निर्णायक मंडल में डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी , यशदीप श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्ता , सच्चिदानंद मिश्र , उपेंद्र कुमार त्रिपाठी सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सी०पी० हिंगुरानी सर ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में छात्रों के द्वारा बनाए गये विभिन्न प्रारूपों की सराहना करते हुए विज्ञान का उद्देश्य मानवता का कल्याण होना चाहिए पर विशेष बल दिया।

प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में बच्चों के प्रयास की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यहीं बच्चे भारत का भविष्य हैं। कल यही अब्दुल कलाम, भाभा, जगदीश वसु, आर्यभट्ध्ट बनकर देश को विश्वघ्गुरु बनाएंगे।

निर्देशिका अपर्णा सिंह ने बच्चो को प्रेरित करते हुए भारत के गौरवशाली अतीत, प्रखर वर्तमान एवं स्वर्णिम भविष्य की आख्या प्रस्तुत करते हुए मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन किया।

कार्यक्रम समापन की घोषणा प्रधानाचार्या वंदना सिंह के आभार ज्ञापन से हुआ। प्रधानाचार्या ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहभागी समस्त शिक्षको, छात्रों, सभी सहकर्मियों के सक्रिय व सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार से ही विश्व सुरक्षित होगा – सुरेश जोशी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। आर्य समाज नई बाजार बस्ती के 51वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर 20 सितंबर से जन जागरण का कार्य आचार्य सुरेश जोशी जी के नेतृत्व में चल रहा है। प्रातः काल प्रभात फेरी का उद्घाटन ओम प्रकाश आर्य ने किया। जय घोष करते हुए आर्य समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा राजा बाजार और निर्मली कुंड मोहल्ले में जनसंपर्क करके लोगों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया।

जनजागरण के कार्यक्रम के अंतर्गत चाईपुरवा में उपेन्द्र शर्मा और गांधी नगर बस्ती में राधेश्याम आर्य की अगुवाई यज्ञ और उपदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रोहित कुमार और मिथलेश देवी और बृजकिशोर आर्य मुख्य यजमान रहे। यज्ञ कराते हुए आचार्य सुरेश जोशी ने बताया कि वैदिक धर्म सब संस्कारों और सत्य विद्याओं का मूल है। इसलिए इसके प्रचार प्रसार से ही पूरा विश्व सुरक्षित हो सकता है। पण्डिता रुक्मिणी देवी ने अपने मधुर भजनों से महिलाओं को समाज निर्माण में अपनी दायित्व निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

इस कार्यक्रम में ब्रजकिशोर गुप्ता, मुरलीधर भारती, राधेश्याम आर्य, शिव श्याम, सत्येंद्र आर्य, प्रवीण कसौधन, रानी कसौधन, जानकी गुप्ता, राम जी जायसवाल, प्रिया जायसवाल, कृष्णदेवी, पूजा कसौधन, सोनी कसौधन, सीमा, बुद्धदेव, अजीत कुमार पाण्डेय, देवव्रत आर्य, सर्वेश, विश्वनाथ प्रसाद, लाल बहादुर, रोहित कुमार, नीलम, चमली देवी, राज महिमा आर्य, निधि, प्रिया, मनीषा, संजना, प्रीति, मिथलेश देवी, वंदना, हरिहर मुनि वानप्रस्थी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## तिरुपति प्रसाद में चर्बी मिलने पर मचा बवाल, साधु–संतों की मांग, दोषियों को फांसी की सजा दी जाए



**संवाददाता–गोरखपुर।** तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद में चर्बी मिलने का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर विवाद का विषय बन चुका है। महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु–संतों और पीठाधीश्वरों ने इस घटना की कड़ी निंदा की। अयोध्या हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों को तुरंत फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मस्जिदों और चर्चों पर कोई नियंत्रण नहीं है, तो मठ–मंदिरों पर सरकारी पहरा क्यों लगा हुआ है। महंत राजू दास ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार से ही मंदिरों पर जबरन नियंत्रण कर रखा गया है, जिससे ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि मठ और मंदिरों से सरकार का नियंत्रण हटाया जाए ताकि सनातन धर्म से जुड़े लोग अपने धार्मिक स्थलों का स्वतंत्र संचालन कर सकें। राजू दास ने चेतावनी दी कि गाय की चर्बी और मछली का पानी मिलाकर प्रसाद देना सनातन धर्म का अपमान है, जो किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सनातन बोर्ड का गठन होता है, तो केवल वैदिक परंपराओं को जानने वाले संत और साधु ही इसमें शामिल हों। अयोध्या पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेव चार्य विद्याभाष्कार ने इसे धर्म विरोधियों का बड़ा षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने कहा कि जब सरकार मस्जिद और चर्च की आय पर नियंत्रण नहीं रखती, तो मंदिरों पर क्यों रखती है? उन्होंने मांग की कि संविधान में बदलाव किया जाए ताकि मठ और मंदिरों की व्यवस्था धार्मिक संगठनों के हाथ में हो। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिए योग्य बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सनातन धर्म का उचित संरक्षण हो सकेगा। वह आज सफल मुख्यमंत्री हैं और उनकी कार्यशैली की हर राज्य में कॉपी की जा रही है।

# चलती कार में हो रहा था देह व्यापार, सात गिरफ्तार, आरोपियों में एक बैंककर्मी भी शामिल

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** नेशनल हाइवे पर चलती कार में रंगरेलियां मनाने और देह व्यापार करने का मामला सामने आया है। बसखारी पुलिस ने कार जब्त करते हुए एक युवती और छह युवकों को पकड़ लिया। इनमें से एक बैंक कर्मी है। जिस कार में यह सब हो रहा था उस पर सपा का झंडा लगा था। बसखारी पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह एक टीम नेशनल हाइवे के हरैया बाईपास के पास मौजूद थी तभी 100 मीटर आगे एक कार रुकी दिखी। पुलिस टीम नजदीक गई तो कार के शीशे खुले मिले। उसमें एक युवती और छह युवक मौजूद थे। एक युवक द्वारा युवती के साथ अनैतिक कार्य किया जा रहा था। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। कार को भी थाने लाया गया।

इसके बाद युवती और छह अन्य आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के अलावा कई अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। देर शाम तक सभी का चिकित्सीय परीक्षण हुआ। पकड़े गए आरोपियों में युवती के अलावा



आजमगढ़ जनपद के महुआ निवासी सतीश कुमार, आलापुर के आमा दरवेशपुर निवासी शिवम यादव, यही के अमृत लाल, नसीरपुर निवासी पवन, यहीं के मुकेश यादव और कटका के बनपुरवा निवासी ऋतिक शामिल हैं।

इसमें से एक आरोपी सतीश न्यौरी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में कैशियर के पद पर कार्यरत है। एसओ संत कुमार सिंह के अनुसार युवती ने बताया कि सभी युवकों ने उसे पांच से छह हजार तक रुपए देने की बात कहकर बुलाया था। एसओ ने बताया कि विधिक प्रक्रिया अपनाई जा रहा है।

## अभियान चला 75 लीटर कच्ची शराब बरामद

**संवाददाता–गोरखपुर।** शनिवार को आबकारी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने राजघाट अमूरतानी के चकरा अव्वल में औचक छापेमारी की। इस छापेमारी में कुल 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली चार भट्ठियों को तोड़ा गया। 250 किलोग्राम लहन भी मौके से बरामद कर उसे नष्ट किया गया। इस मामले में 2 मुकदमें दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक सेक्टर –2 श्याम कुमार गुप्ता और आबकारी निरीक्षक काम्पियरगंज एस एन वर्मा, आबकारी निरीक्षक अजय सिंह, आबकारी निरीक्षक शंकर लाल, आबकारी निरीक्षक सुखदेव प्रसाद और प्रवर्तन की संयुक्त टीम मौजूद रही।

## नीट में चयन पर खुशी की लहर



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जीवीएम कॉन्वेंट के होनहार छात्र अनुज पाल का नीट परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय परिवार ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया। छात्र अनुज पाल लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगे। रामपुर के पास बांसगांव के रहने वाले अनुज को

विद्यालय के प्रबंधक संतोष सिंह, प्रिंसिपल के साथ टीचरों में मिठाई खिला कर बधाई दी।

इस अवसर पर प्रबंधक सन्तोष सिंह प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी सिंह राजेश राकेश शैलेंद्र निगहत आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मु0नं0–106
क0 वाद सं0 T 202417140102149
धारा 144/116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक महोदय हर्रैया जिला–बस्ती
अजय कुमार श्रीवास्तव आदि
बनाम
संजय कुमार आदि
बावत मौजा थान्हाखास तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
1. संजय श्रीवास्तव 2. धनन्जय श्रीवास्तव 3. जन्मेजय श्रीवास्तव पुत्रगण रघुवीर लाल उर्फ रामरघुवीर 4. आदर्श श्रीवास्तव 5. आदित्य श्रीवास्तव पुत्रगण मृत्युन्जय श्रीवास्तव 6. अलका श्रीवास्तव पत्नी मृत्युन्जय श्रीवास्तव
7. कु0 रिया पुत्री मृत्युन्जय श्रीवास्तव साकिन थान्हाखास तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 27–09–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 20 माह 09 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मु0नं0–105
क0 वाद सं0 T 202417140102150
धारा 144/116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक महोदय हर्रैया जिला–बस्ती
अजय कुमार आदि
बनाम
संजय कुमार आदि
बावत मौजा अधारपुर+रमवापुर पाठक तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
1. संजय कुमार 2. धनन्जय कुमार पुत्रगण रामरघुवीर उर्फ रघुवीर श्रीवास्तव 3. श्रीमती अलका श्रीवास्तव पत्नी मृत्युन्जय 4. आदर्श श्रीवास्तव 5. आदित्य श्रीवास्तव पुत्रगण मृत्युन्जय श्रीवास्तव 6. कु0 रिया पुत्री मृत्युन्जय श्रीवास्तव साकिन थान्हाखास तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 7. किरन पत्नी वक्षराज साकिन किशुनपुर तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 8. मालती पत्नी भोला प्रसाद साकिन कुटिया कुशमहा पो0 दर्शननगर तहसील व जिला अयोध्या
**तारीख पेशी 27–09–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 20 माह 09 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 226/2023
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती
वंश गोपाल
बनाम
अमन कुमार आदि
1. अमन कुमार पुत्र शिवसागर ग्राम कोड़रा तप्पा कड़र परगना बस्ती पूरब तहसील व जिला–बस्ती 2. रामयज्ञ पुत्र भुनेश्वरी ग्राम कमसार तप्पा बुड्डी परगना बांसी पश्चिम तहसील इटवा जिला–सिद्धार्थनगर
**तारीख पेशी 08–10–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 08 माह 10 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
अपील सं0–
धारा 11 (1) सी0एच0एक्ट
अदालत– श्रीमान बन्दोबस्ती अधिकारी चकबन्दी महोदय बस्ती जिला बस्ती
अनिल कुमार
बनाम
लालचन्द्र आदि
1. लालचन्द्र 2. सुबाष चन्द्र पुत्रगण आज्ञाराम 3. शिवपूजन 4. रामलौट 5. गुरूप्रसाद 6. गंगाराम पुत्रगण रामअवध उर्फ अवधू 7. महेन्द्र पुत्र भगत 8. बंशराज पुत्र चैतू साकिनान मौजा सेमरा चीगन तप्पा कनैला परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 03–10–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 03 महीना 10 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
वाद संख्या 113/2023
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बांसी जिला सिद्धार्थनगर
मासूक अली
बनाम
श्रीमती फरीदा खातून आदि
1. श्रीमती फरीदा खातून पत्नी नवीरहम निवासी ग्राम पगार तप्पा खेसरहा परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर
–प्रतिवादी प्रथम वर्ग
2. तवारक 3. आजाद 4. नवी रहम पुत्रगण मो0 इद्रीश सभी निवासीगण ग्राम पगार तप्पा खेसरहा परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर
–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग
**तारीख पेशी 24–10–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **24–10–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
अपील सं0–
धारा 11 (1) सी0एच0एक्ट
अदालत– श्रीमान बन्दोबस्ती अधिकारी चकबन्दी महोदय बस्ती जिला बस्ती
अनिल कुमार
बनाम
लालचन्द्र आदि
1. लालचन्द्र 2. सुबाष चन्द्र पुत्रगण आज्ञाराम 3. शिवपूजन 4. रामलौट 5. गुरूप्रसाद 6. गंगाराम पुत्रगण रामअवध उर्फ अवधू 7. महेन्द्र पुत्र भगत 8. बंशराज पुत्र चैतू साकिनान मौजा सेमरा चीगन तप्पा कनैला परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 03–10–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 03 महीना 10 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

–द0 हाकिम

## जनता दर्शन में अफसरों को योगी की दो टूक, 15 दिन में कार्रवाई कर दें रिपोर्ट

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे दिन शनिवार को भी जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी समस्याएं आ रही हैं उन सभी में 15 दिन के अंदर कार्रवाई होनी चाहिए।

सभी कार्रवाईयों पर एक रिपोर्ट भी दें। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। ध्यान से उनकी बात सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोगों की समस्याओं को सुन सीएम ने कहा कि चिंता मत करिए, सबकी समस्या दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अलग–अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

### अदालती नोटिस

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
वाद संख्या 295/90
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बांसी जिला सिद्धार्थनगर
शत्रुघ्न
बनाम
अम्बिका आदि
1/1 राकेश 1/2 इन्द्रेश 1/3 अरविन्द पुत्रगण अबिम्का 1/4 सूर्यमुखी पत्नी अम्बिका सभी निवासीगण ग्राम कारे खुटवा तप्पा बखिरा परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर
**तारीख पेशी 05–10–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **05–10–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
अपील सं0–
धारा 11 (1) सी0एच0एक्ट
अदालत– श्रीमान बन्दोबस्ती अधिकारी चकबन्दी महोदय बस्ती जिला बस्ती
अनिल कुमार
बनाम
लालचन्द्र आदि
1. लालचन्द्र 2. सुबाष चन्द्र पुत्रगण आज्ञाराम 3. प्रमोद कुमार पाण्डेय पुत्र रामचरित्र साकिनान मौजा सेमरा चीगन तप्पा कनैला परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 03–10–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 03 महीना 10 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

–द0 हाकिम

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी राम किशोर पुत्र श्री ओरी ग्राम– धरमपुरवा थाना–रूधौली जिला बस्ती का निवासी है मेरी बालिग पुत्री अनुराधा परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। उसके व्यवहार से दु:खी होकर मैं उसे अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अपने किसी भी प्रकार के लेन–देन, अपराध आदि के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगी प्रकाशन इसलिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आये।

दिनांक 20–09–2024

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
प्रतिकर वाद सं0 74/2021
न्यायालय–श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण महोदय बस्ती जिला–बस्ती
श्रीमती पूजा आदि
बनाम
कृष्ण कुमार गुप्ता आदि
2. राम सहाय पाल पुत्र रामकरन ग्राम पिपरा पोस्ट महुली जनपद संतकबीरनगर
(चालक वाहन सं0 U.P. 83 AT-1502)
**तारीख पेशी 25–09–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 25 माह 09 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

**दैनिक**
**भारतीय बस्ती**
**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**